Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding release of arrears of payments to hospitals under Ayushman Bharat Yojana in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री बिद्‌युत बरन महतो (जमशेदपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि आज आयुष्मान भारत योजना से देश के करोड़ों गरीब, वंचित, बीमारियों से पीड़ित परिवारों को उक्त योजना का लाभ मिला है। यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच और गरीबों के प्रति समर्पण को प्रतिबिंबित करता है।

महोदय, जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कई ऐसे अस्पताल हैं, जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान नहीं होने के कारण इन अस्पतालों में गरीबों का इलाज होना बंद हो गया है। ऐसे अस्पताल निम्नलिखित हैं:

मेरिक्सी अपरोक्स

ब्रह्मनंदा हॉस्पिटल, सरायकेला

मेडिटिरिना हॉस्पिटल, सरायकेला

गंगा मेमोरियल, जमशेदपुर

दया हॉस्पिटल, जमशेदपुर

अपूर्वा ईशान, जमशेदपुर

साकेत हॉस्पिटल, जमशेदपुर

डॉक्टर अभिषेक चाइल्ड, जमशेदपुर

मेहरबाई टाटा, जमशेदपुर

डॉक्टर डी. मिश्रा यूरोलॉजी, जमशेदपुर

अत:, महोदय, मै आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त अस्पतालों का आयुष्मान योजना के तहत बकाया राशि का भुगतान कराने की कृपा की जाए, ताकि इन अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित गरीब परिवारों का समुचित इलाज हो सके।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please take your seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: The House cannot run like this.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please take your seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Your Members also have ….

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please take your seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Rest of the Members may lay their Matters* on the Table of the House.